# खाटू वाले ओ श्याम बिहारी हमसे पर्दा करो ना मुरारी लिरिक्स

खाटू वाले ओ श्याम बिहारी,
हमसे पर्दा करो ना मुरारी।bd।

तर्ज – वृन्दावन के ओ बांके बिहारी।

---

हम तुम्हारे पराये नही है,
गैर के दर पे आये नहीं है,
हम तुम्हारे पुराने पुजारी,
हम तुम्हारे पुराने पुजारी,
हमसे पर्दा करो ना मुरारी,
खाटू वालें ओ श्याम बिहारी।bd।

---

क्या सुनाऊ तुम्हें अपना दुखड़ा,
तुम तो बैठे हो फेर के मुखड़ा,
बाबा हम है तेरी ज़िम्मेदारी,
बाबा हम है तेरी ज़िम्मेदारी,
हमसे पर्दा करो ना मुरारी,
खाटू वालें ओ श्याम बिहारी।bd।

---

मेरे दुखड़ों को हरलो तो जानू,
ख़ाली झोली को भरदो तो मानु,
तुम हो दाता और हम है भिखारी,
तुम हो दाता और हम है भिखारी,
हमसे पर्दा करो ना मुरारी,
खाटू वालें ओ श्याम बिहारी।bd।

---

खाटू वाले ओ श्याम बिहारी,
हमसे पर्दा करो ना मुरारी।bd।

**Singer – Raj Pareek Ji**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com